हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार, 18 अप्रैल 2024

तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

शक्ति की भक्ति में लीन हुईं महिलाएं 14



24 अप्रैल तक मतदाता सूचना पर्ची बांटने का कार्य पूर्ण हो 14





## खबर संक्षेप

### मुढ़ेना में अखंड रामायण समारोह

**महासमुंद।** पांच दिवसीय अखण्ड रामायण का 63वां वर्ष का आयोजन ग्राम मुढ़ेना में नवीन मानस मंडली व दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में किया जा रहा है। 17 अप्रैल से 22 अप्रैल तक आयोजित इस समारोह में पुरस्कार भी दिया जाएगा। समिति के अध्यक्ष प्रेमलाल निषाद, उपाध्यक्ष गजेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष टीकम विश्वकर्मा, सचिव गजानंद निषाद, संरक्षक जीवन लाल निषाद सहित करणसिंह ठाकुर, रामजी निषाद, राधेलाल साहू, रेखाराम साहू, शंकर निषाद, पुनाराम निषाद सहित ग्रामीणजन सहयोग कर रहे हैं।

### शादी का झांसा देकर अनाचार, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बागबहरा थानान्र्गत ग्राम बिराजपाली की एक युवती से शादी का झांसा देकर लगातार अनाचार करने का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लिलेश्वर साहू पिता रेवाराम साहू 31 साल ग्राम बिराजपाली निवासी द्वारा प्रार्थियां से शादी कर पत्नी बनाकर रखने का झांसा देकर प्रार्थियां से उसकी इच्छा के विरूद्ध कई बार शारीरिक संबंध बनाया और किसी को बताने पर धमकी दिया जा रहा था। जिस पर प्रार्थिया की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ भादवि की धारा 376 (2) (एन), 506 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### पैसों के लेन देन को लेकर युवक से मारपीट

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली पुलिस ने पैसे के लेन देन को लेकर युवक से मारपीट करने के मामले में अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार निहाल तुर्के पिता धर्मेन्द तुर्के 20 साल साकिन वार्ड 22 सुभाष नगर निवासी को बाबू चन्द्राकर साकिन भिलाई एवं गगन साकिन रसनी आरंग ने पैसों के लेनदेन की बात को लेकर अश्लील गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट जान से मारने की धमकी दिया। आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है

### राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह आज महासमुंद प्रवास पर

**महासमुंद।** राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह 18 अप्रैल को महासमुंद विधानसभा के भाजपा मंडल तुमगांव एवं झलप क्षेत्र में आयोजित सभाओं में मुख्यवक्ता के रूप में शामिल होंगे। बैठक कार्यक्रम के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता मोती साहू को प्रभारी बनाया गया है। संयोजक चंद्रहास चन्द्राकर, तुमगांव मण्डल अध्यक्ष पप्पू पटेल, झलप मण्डल अध्यक्ष धरम पटेल ने राज्यसभा सांसद के कार्यक्रमों में भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से उपस्थिति की अपील की है।

### तुषार-खिलेश ने किया गोपनाथ विद्यालय को गौरवान्वित

**सरायपाली।** गोपनाथ आश्रम विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल जोगनीपाली में अध्ययनरत छात्र तुषार पटेल ने विगत दिनों घोषित नवोदय चयन परीक्षा (2024) में पूरे महासमुंद जिले में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर माता-पिता, गुरुओं तथा विद्यालय सहित पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। छात्र तुषार पटेल ग्राम झारबंद निवासी राधेश्याम पटेल माता ज्योतिकिरण पटेल के सुपुत्र हैं। इसी प्रकार 2023 की परीक्षा में भी खिलेश नायक पिता छबीलाल नायक माता सेतकुमारी ग्राम सिंगबहाल नायक ने नवोदय परीक्षा में चयनित होकर गोपनाथ आश्रम विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल जोगनीपाली को गौरवान्वित किया था। तुषार पटेल के चयन पर विद्यालय के संस्थापक गोपनाथ गुरूजी, विद्यालय के नए संचालक जन्मजय नायक, उपसंचालक दुर्गा चरण नायक, प्राचार्य जज्ञसेनी मिश्रा, शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित संचालन समिति ने हर्ष जताया है।

### पर्व : सेवागीत और मांदर की धुन पर युवती और महिलाएं झूमती रही

# मातारानी की आस्था में डूबा नगर, जसगीत के साथ देवालयों से निकाले ज्योत-जंवारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

- गला तर करने नगर में जगह-जगह शीतल पेय, लस्सी और छांछ के स्टाल लगाये गए
- कन्याओं पैर धोए और लगाया आलता, हलवा, पूरी, खीर का कराया भोज



समूचे अंचल में मंगलवार को दुर्गा महाष्टमी पर हवन पूजन के पश्चात देवालयों के ज्योत जंवारा विसर्जन किया गया। जगह-जगह प्रसादी और भंडारा का आयोजन किया गया। साथ ही कन्या भोज कराया गया। इस दौरान कन्याओं को माता रानी का स्वरूप मानकर उनका पैर धोए, पूजा अर्चना की। हलवा, पूरी, खीर, भोजन परोसा और सोलह श्रृंगार सामग्री भी भेंट की।

वहीं बुधवार को नौ दिनों तक सेवा करने के बाद माता के भक्तों ने ज्योत जंवारा का विसर्जन किया। पलारी के माहमाया और शितला मंदिर सहित मनोवांछित घरों के ज्योत जंवारा का चमरी तालाब में विसर्जन किया गया। इस आस्था में हजारों की भीड़ नगरवासियों की उमड़ पड़ी। सेवा गीत और मांदर की धुन पर युवती और महिलाएं झुमती रही। ज्योत जंवारा वार्ड नं 11 व 12 से होते हुए बस स्टैंड, सरस्वती चौक, शितला चौक, गांधी चौक, ठाकुर देव चौक, माहमाया चौक से होते हुए बाजार के पास चमरी तालाब में विसर्जित किया गया, जहां तपा देने वाली गर्मी में लोग व्याकुल हो जाते है तो वहीं महिलाओं का माता के प्रति आस्था और अटूट विश्वास देखने लायक था। वे नंगे पैर 3 से 4 घंटा सिर पर ज्योत जंवारा रखे हुए थे।

भीषण गर्मी को देखते हुए जगह-जगह शितल पेय, लस्सी और छांछ के स्टाल लगे हुए थे। नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा ने हर साल की तरह स्टाल लगाकर माता के भक्तों को लस्सी और शीतल पेय का वितरण किया। उन्होंने जंवारा विसर्जन और रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की।

छांछ और शीतल पेय का वितरण

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू भी माता रानी के भक्तों के लिए हर साल की तरह स्टाल लगाकर छांछ और शीतल पेय वितरण किया। उन्होंने माता रानी से नगर में सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उसी तरह से देवांगन समाज के युवाओं ने भक्तों को रूआबजा शरबत पिलाकर गला तर किया। नगर मेहनती युवा मुरीत वर्मा ने अपने रिक्शे में मटके से नीबू का सादा पानी और मिठा पानी का वितरण अंत तक किया।

इस अवसर पर हितेंद्र ठाकुर, झड़ीराम कनौजे, सुनील कुर्रे, मनीष चन्द्राकर, भूषण ठेठवार, बनर्जी वकील, डॉ. आरआर जाल, ताजेन्द्र कनौजे, डॉ. धुरंधर, पिंटू वर्मा, शेर खान, हर्षु ऋषि साहू, शिवा साहू, रसूल बेग, बलेश्वर देवांगन, देवा देवांगन, राजेश देवांगन, साधराम साहू, राधेश्याम यादव सहित नगर नगर पंचायत के कर्मचारी वितरण में लगे हुए थे।

## जंवारा विसर्जन में गूंजा मातारानी के भजन

**सुहेला।** चैत्र नवरात्रि पर जंवारा का विसर्जन भक्ति भाव से किया गया। कहा जाता है कि नवरात्रि में जौ बोने और नौ दिनों के बाद उन्हें विसर्जित करना व्यक्ति का प्रकृति के प्रति समर्पण का प्रतीक है। नवरात्रि में जंवारों के साथ की जाने वाली घट स्थापना की रीति का विशेष महत्व और विधान है। विसर्जन में ग्रामीण मांदर की थाप पर सेवा गीत गाते हुए गए, जिसमें महिलाएं अपने सिर पर सम्मानपूर्वक जंवारा धारण किए एक कतार के साथ तपती धूप में खुले पैर चल रही थी। मां की भक्ति में शक्ति नजर आ रही थी।

भक्ति भाव से शीतला मैया की जय, जय माता दी की जयकारा लगाते चले जा रहे थे। ग्राम के बड़े तालाब में विधि विधान से पूजा कर जंवारा विसर्जन किया गया। विसर्जन देखने ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

**3 कुंडिया गायत्री महायज्ञ हुआ**

गायत्री मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर 3 कुंडिया गायत्री महायज्ञ किया गया। विभिन्न संस्कार विधि कार्य संपन्न किए गए, जिसमें ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्रामीणों को भोजन प्रसाद वितरण किए गए। गायत्री मंत्र की महिमा बताई गई। गायत्री मंदिर सुहेला के मुख्य ट्रस्टी रोहित वर्मा ने बताया कि चैत्र नवरात्रि में ज्योति प्रज्ज्वलित किया गया था, उसी उपलक्ष्य में मंदिर में कन्या भोज कराया गया। 3 कुंडिया यज्ञ हुआ। विद्या आरंभ संस्कार जिसमें बच्चे का स्कूल जाने के पहले किया जाता है, पुंशवन संस्कार गर्भधारण माताओं के लिए किया जाता है, दीक्षा संस्कार गुरु बनाने के लिए किया जाता है, जीवन में बिना गुरु का उद्धार नहीं होता। गुरु ज्ञान देते हैं। माता पिता जन्म देते पालन पोषण करते हैं। उज्ज्वल भविष्य के लिए ज्ञान प्राप्ति के लिए गुरु दीक्षा लिया जाता है।



## पुलिस ने ठग का खाता किया होल्ड और पीड़ित को दिलायी राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

ठगी की रकम वापसी के तात्कालिक प्रयास में बलौदाबाजार–भाटापारा पुलिस को सार्थक सफलता मिली है।

आरोपी ने आशीष ठाकुर के बैंक खाता से 137000 रुपए ठगी कर लिया था, जिसकी सूचना पर थाना गिधपुरी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 8 बैंक खाता नंबर फ्रीज कराया, जिसमें कुल 137000 रू. का आदेश न्यायालय से जारी कराया गया। आरोपी द्वारा पीड़ित से फ्राड रकम को 80 से अधिक बैंक खातों के माध्यम से प्राप्त कर लिया था, जिस पर त्वरित निराकरण करते हुए होल्ड कराया गया। उक्त आदेश की प्रति को नरेश दीवान थाना प्रभारी थाना गिधपुरी द्वारा आदेश विधिवत प्रदान किया गया।

जिला पुलिस ने आमजन से यह अपील की है कि अनजान व्यक्ति द्वारा पैसे मांगे जाने पर उन्हें न दिया जाए एवं किसी भी प्रकार की सायबर ठगी की आशंका पर तुरंत ही नजदीकी थाना-चौकी या वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करे अथवा टोल फ्री नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराये। पीड़ित ने थाना प्रभारी गिधपुरी का आभार व्यक्त किया। पूछने पर पीड़ित ने बताया कि उसने सोचा नहीं था कि ठगी की रकम इतने जल्द वापस मिल सकती है। इसके लिए संपूर्ण बलौदाबाजार पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## 79 पौवा शराब जब्त, युवक गिरफ्तार




**खरोरा।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शराब की अवैध बिक्री करने वाले युवक को दबोचा। उसके कब्जे से 79 पौवा शराब जब्त की गई।

पुलिस ने बताया कि थाना खरोरा क्षेत्रंतर्गत निजात अभियान के तहत आरोपी तरूण यादव पिता फिरतू यादव 19 साल वार्ड क्रमांक 4 खरोरा थाना खरोरा के कब्जे से 79 पौवा देशी मदिरा मशाला जुमला मात्र 14.220 बल्क लीटर कीमती लगभग 8690 रुपए की शराब जब्त की है।

वहीं शराब परिवहन में उपयोग की जानी वाली बाइक सीजी 04 एन ई 7033 को भी जब्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध धारा–34,2 आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## धौराभाठा में हनुमान जन्मोत्सव पर रामायण कथा 23 से



**पलारी।** विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत धौराभाठा में हनुमान जन्मोत्सव पर रामायण कथा का आयोजन 23, 24 और 25 अप्रैल तक किया जायेगा। तीन दिवसीय रामायण महोत्सव में ख्याति प्राप्त मंडलियों को आमंत्रित किया गया है। प्रत्येक मंडली के ब्याख्याकार को पुरस्कृत किया जायेगा। आयोजन समिति द्वारा राम कथा का श्रवण कर जीवन को धन्य बनाने की अपील की गई है।

## प्याऊ घर में राहगीरों को पिलाया गया शरबत



**बलौदाबाजार।** राज्य मुख्यालय भारत स्काउट गाइड रायपुर छत्तीसगढ़ एवं जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय व विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र टंडन के आदेशानुसार तथा डीओसी सूरज कसार व विकासखंड सचिव चूड़ामणि वर्मा, स्थानीय संघ अध्यक्ष नरेश केसरवानी के मार्गदर्शन में विकासखंड बलौदा बाजार के विभिन्न स्थलों पर ठंडा प्याऊ घर का संचालन किया जा रहा है। मंगलवार को इसी तारतम्य में बाजारचौक बलौदा बाजार में राहगीरो को शरबत पिलाया गया।

इस कार्यक्रम में राज्य उपाध्यक्ष विजय केसरवानी, स्थानीय संघ अध्यक्ष नरेश केसरवानी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र टंडन, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कैलाश साहू, आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल बलौदा बाजार के प्राचार्य शुक्ला मैडम, जिला सचिव नरेंद्र कुमार वर्मा, विकासखंड सचिव चूड़ामणि वर्मा, स्काउटर योगेंद्र सोनवानी, तिलक वर्मा, मथुरा वर्मा, गंगाराम वर्मा, नरेंद्र साहू एवं गाइडर माधुरी श्रीवास, भानु शर्मा एवं विकासखंड के स्काउट गाइड ने भाग लिया

## व्यवसायी के आवास से जेवर, नकदी से भरे अलमारी को ही उठा ले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरायपाली के बस स्टैंड के पास स्थित किराना व्यवसायी के आवास में सोमवार- मंगलवार की दरम्यानी रात को दरवाजे ताला तोड़कर अज्ञात लोगो ने सोने-चांदी के जेवर एवं नगदी सहित 21 लाख रुपए की चोरी के वारदात को अंजाम दिया गया है। वारदात के वक्त परिवार के सदस्य सो रहे थे। लेकिन, परिवार के किसी भी सदस्य को चोरी की भनक भी नहीं लग पाई और चोर घर से अलमारी सहित कीमती सामान और नगदी का ले उड़े।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र रूगंटा पिता रामचन्द्र रूगंटा वार्ड नं. 03 किसान राईस मिल के पास सरायपाली द्वारा मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि मंगलवार की रात को उनका परिवार भोजन के बाद रात को करीब एक बजे सोने के लिए गए। सुबह 4 बजे उठने पर देखा कि ग्राउंड फ्लोर में सभी सामान अस्त व्यस्त हैं और अलमारी गायब है। साथ ही घर के दरवाजा का ताला टूटा हुआ है।

## कार्यकर्ताओं के साथ देवी दर्शन करने पहुंचे डॉ. डहरिया



**पलारी।** चैत्रनवरात्रि दुर्गाष्टमी पर देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देवी दर्शन के लिए लगी रही। लोकसभा जांजगीर के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. शिवकुमार डहरिया ने चुनावी प्रचार प्रसार के दौरान पलारी अंचल के महानदी के तट पर स्थित डोंगरदेवी मंदिर में देवी दर्शन करने समर्थकों के साथ पहुंचे।

उन्होंने मां डोंगरदेवी की पूजा अर्चना कर मंदिर स्थल में भगवान हनुमान, शंकर भगवान के मंदिर में पूजा-अर्चना की और मंदिर समिति द्वारा जलाये गये ज्योति कलश का दर्शन किया और क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर उनके साथ जिला कांग्रेस के अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, जनपद अध्यक्ष खिलेंद्र वर्मा, जिला पंचायत सदस्य सुमित्र घृतलहरे, गोपी साहू, रोहित साहू, मनीष चंद्राकर, पिंटू वर्मा, जनपद सदस्य गंगोत्री कुर्रे, सुनील भतपहरी, उषा सोनवानी, मंदिर समिति के सदस्य पवन चंद्राकर, सेवक राम निषाद उपस्थित थे।

### शिक्षिका की पहल पर पौंसरी में निकाली गई मतदाता जागरुकता रैली

# शत-प्रतिशत मतदान का दिया संदेश, दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा





चुनाव का पर्व देश का गर्व थीम के तहत विकासखंड सिमगा के ग्राम पौंसरी में शिक्षिका भारती वर्मा द्वारा ग्राम के प्रबुध्द नागरिकों व ग्राम की स्व-सहायता समूह की महिलाओं के साथ मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीणजन समूह रैली के रूप में प्राथमिक शाला परिसर में शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ के बाद ग्राम के गलियों से होते हुए प्रमुख चौक–चौराहों का भ्रमण करते हुए पंचायत भवन के पास पहुंचे, जहां मतदाता जागरूकता रैली का आमसभा के रूप में समापन हुआ। शिक्षिका भारती वर्मा ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिला निर्वाचन आयोग लगातार ग्राम पंचायतों में मतदाता जागरूकता अभियान चला रहा है। इसके तहत सभी ग्राम पंचायतों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे मतदान का प्रतिशत बढ़ जाए।

**निकाली रैली और किया जागरूक**

इसी क्रम में स्व सहायता समूह की महिलाओं के साथ रैली निकालकर ग्राम के प्रमुख चौक–चौराहों में आम लोकसभा चुनाव में सभी मतदाताओं को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए नारों के माध्यम से जागरूक करने का प्रयास किया गया। उल्लेखनीय है कि शिक्षिका भारती वर्मा के प्रयासों के माध्यम से मनरेगा कार्यस्थल पर कार्यरत मजदूरों के द्वारा भी रैली में शामिल होकर शत प्रतिशत मतदान करने का शपथ ली गई। महिला स्व सहायता समूह के कैडर प्रमुख पुष्पलता सुर्तागे के साथ समूह की सक्रिय महिलाओं संतोषी सेन, मनीषा, लतेश्वरी , भागमती बारले व लतेश्वरी सहित अन्य महिलाओं ने रैली में भाग लेते हुए शत प्रतिशत मतदान का शपथ ली।

## फांसी लगाकर की आत्महत्या

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम बामड़ाडीह में एक अधेड़ ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बामड़ाडीह निवासी बोधराम कलेत पिता स्व. जगनु कलेत 53 साल ने अपने घर में अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। पुलिस ने सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप

### अवैध महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** सिंघोड़ा पुलिस ने ग्राम परेवापाली से परमेश्वर नाग पिता सारथी नाग 49 साल को दुकान के पास 2500 एमएल महुआ शराब कीमती 500 रुपए की अवैध बिक्री करते पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### डूबने से सात साल के बच्चे की मौत

**महासमुंद।** पिथौरा थाना के ग्राम मेमरा में सात साल के बच्चे का तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि विकास रात्रे पिता मनोज रात्रे 7 साल मंगलवार की सुबह तालाब में नहाने के लिए गया था, जिसके गहराई में जाने के कारण डूब गया और उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।



### एएसपी ने ली थानेदारों और थाना स्टॉफ की बैठक

**रायपुर।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते और नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती राजेश देवांगन ने मंगलवार को पुरानी बस्ती अनुभाग के थाने पुरानी बस्ती, डीडीनगर, राजेंद्र नगर एवं टिकरापारा के थाना प्रभारियों, विवेचकों समेत थाना स्टाफ की बैठक ली। इस दौरान एएसपी ने थानों में लंबित मर्ग, शिकायतों एवं अपराधों का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही विशेष रूप से ऑनलाइन सायबर फ्रॉड के संबंध में सायबर पोर्टल का उपयोग करने तथा हाल ही में जारी त्रिनयन एप के संबंध में विवेचकों को जानकारी दी गई। बैठक में न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों तथा पूर्व में पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा दिए गए निर्देशों से भी विवेचकों को अवगत कराया, साथ ही लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता के निर्देशों का भी पालन करने कहा गया।

### केटीयू में मनाया स्थापना दिवस



**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय का मंगलवार को 20वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय स्थित कुशाभाऊ ठाकरे की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। गौरतलब है कि कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ का पहला पत्रकारिता एवं जनसंचार विषयों पर केंद्रित विश्वविद्यालय है। इसका उद्घाटन 16 अप्रैल 2005 को देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी ने किया था। यहां पत्रकारिता एवं जनसंचार से संबंधित पाठ्यक्रम बीए (जेएमसी), बीएससी ( इलेक्ट्रॉनिक मीडिया) एमजे, एमएससी ( इलेक्ट्रॉनिक मीडिया), एमए (एपीआर) एवं एमए (एमसी) सहित डिप्लोमा कोर्स संचालित हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव डॉ. नरेंद्र त्रिपाठी, उप कुलसचिव सौरभ शर्मा, एसोसिएट प्राध्यापक पंकज नयन पाण्डेय, डॉ. आशुतोष मंडावी, डॉ. राजेंद्र मोहंती, डॉ. नृपेंद्र शर्मा समेत समस्त शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# हॉलमार्क के पंजीयन बगैर सराफा कारोबारी कर रहे जेवर बेचने का अवैध कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के हजारों सराफा कारोबारी हॉलमार्क का पंजीयन कराए बिना ही पिछले सालभर से खुलेआम जेवर बेचने का अवैध कारोबार कर रहे हैं। एक साल बाद भी दस हजार से ज्यादा कारोबारियों में से महज ढाई हजार ने ही अब तक पंजीयन कराया है। ज्यादातर बड़े कारोबारियों ने तो पंजीयन करा लिया है, लेकिन छोटे कारोबारी जिनका कारोबार 50 लाख से कम है और जो जीएसटी के दायरे में भी नहीं आते, वो पंजीयन कराने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं, जबकि पिछले साल एक अप्रैल से हर तरह की सोने की ज्वेलरी पर हॉलमार्क जरूरी कर दिया गया है।

अलग खबर

## प्रदेश में दस हजार से ज्यादा कारोबारी, पंजीयन महज ढाई हजार का

### 75 फीसदी का पंजीयन ही नहीं



जेवर बेचने वालों के लिए भी हॉलमार्क में पंजीयन कराना जरूरी होने के बाद भी अपने राज्य में 75 फीसदी ने अपना पंजीयन कराया ही नहीं है। यानी महज 25 फीसदी का ही पंजीयन हो सका है। प्रदेश में दस हजार से ज्यादा सराफा कारोबारी हैं, जो सोने के जेवर बेचने का काम करते हैं। राजधानी रायपुर में ही दो हजार से ज्यादा कारोबारी हैं। रायपुर सराफा एसोसिएशन के 602 सदस्य हैं। इन सबका तो पंजीयन हो गया है, लेकिन इसके अलावा भी छोटे मोहल्लों और कालोनियों में कई ज्वेलर्स ऐसे हैं जो एसोसिएशन के सदस्य नहीं हैं और अपना कारोबार करते हैं, वे पंजीयन कराने में गंभीर नहीं हैं। इसी तरह की स्थिति पूरे राज्य में है। हॉलमार्क के प्रदेश में चार जिलों में दस सेंटर हैं। राजधानी रायपुर में छह, दुर्ग में दो और राजनांदगांव और बिलासपुर में एक-एक सेंटर है। इन सेंटर के सौ किलोमीटर के दायरे में आने वाले सराफा कारोबारी अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### अवैध कारोबार की आशंका

प्रदेश में पंजीयन न कराने वाले कारोबारियों द्वारा अवैध कारोबार किए जाने की आशंका से सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारी भी इनकार नहीं करते। इनका कहना है कि प्रदेश के हर कारोबारी को अनिवार्य रूप से पंजीयन कराना चाहिए, क्योंकि पंजीयन का जब कोई शुल्क नहीं है, तो फिर पंजीयन कराने में हर्ज क्या है। पंजीयन न कराने वालों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, लेकिन हॉलमार्क से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि देर सवेर बिना पंजीयन वाले कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इन अधिकारियों के पास भी इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि वास्तव में प्रदेश में कितने कारोबारी हैं।

जिन कारोबारियों ने पंजीयन नहीं कराया है, वे जेवर और सोना नहीं बेच सकते, लेकिन फिर भी बिना रोक-टोक ऐसे कारोबारी अवैध कारोबार कर रहे हैं। इन पर कार्रवाई न होने के कारण ये खुलेआम बिना पंजीयन के कारोबार कर रहे हैं। पंजीयन कराने का कोई शुल्क न होने के बाद भी जेवर बेचने वाले कारोबारी इस उम्मीद में पंजीयन कराने से बचते रहे हैं कि सरकार जेवर बेचने वाले कारोबारियों के लिए पंजीयन की अनिवार्यता समाप्त कर देगी। इसके लिए बीते साल केंद्रीय मंत्री को पत्र भी लिखा गया था, लेकिन सालभर में इस पर कोई फैसला न होने के बाद भी कारोबारी पंजीयन ही नहीं करा रहे हैं।

### इंजनों में स्थापित किया जा रहा है कवच सिस्टम, अन्य जोन की तुलना दपूमरे पीछे

# जोन के इंजनों में लगा 'कवच' सिस्टम, ट्रायल में 130 की रफ्तार पर रेड सिग्नल में रुका इंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

ट्रेन दुर्घटनाओं को रोकने रेलवे देशभर में इंजनों पर कवच प्रणाली स्थापित कर रहा है। इस कार्य के लिए सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने भी सराहना की है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अन्य रेलवे जोन की तुलना में कवच प्रणाली को लागू करने में पीछे चल रहा है। सफल परीक्षण के बाद भी पटरियों और इंजन से आधुनिक सिस्टम जुड़ नहीं पाया है। सीपीआरओ विकास कश्यप ने बताया कि इंजनों में कवच लगने का कार्य जारी है। स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' के ब्रेकिंग सिस्टम का परीक्षण सफल रहा। यह परीक्षण हाई स्पीड ट्रेन पर किया गया, जिसमें लगभग 130 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चल रहा इंजन रेड सिग्नल पर अपने आप ब्रेक लगाकर रुक गया। इंजन ड्राइवर को कहा गया था कि वह रेड सिग्नल पर ब्रेक ना लगाए। हम यह देखना चाहते थे कि क्या कवच सिस्टम रेड सिग्नल देखकर अपने आप ब्रेक लगाता है या नहीं? कवच सिस्टम को रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन ने विकसित किया है। आपातकालीन स्थिति में अगर ड्राइवर समय पर ब्रेक नहीं लगा पाता है, तो कवच सिस्टम स्वचालित तरीके से खुद ट्रेन को ब्रेक लगाकर रोक सकता है।



### डब्लूएपी इंजन पर किया गया सफल परीक्षण

परीक्षण के दौरान देखा गया कि रेड सिग्नल देखकर इंजन ने रेड सिग्नल से 30 मीटर दूर ही ब्रेक लगा दिए। इस दौरान सभी सेफ्टी पैरामीटर भी सही पाए गए। जिस इंजन पर परीक्षण किया गया, वह डब्लूएपी -5 इंजन पैसेंजर कोच को 130 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से खींचने में सक्षम है और यही इंजन शताब्दी एक्सप्रेस जैसी प्रीमियम ट्रेनों में लगता है। अब जोन जल्द ही पैसेंजर कोच के इंजन पर भी यह परीक्षण करने की तैयारी में है। दपूमरे की दूरी 2400 है। कवच सिस्टम ट्रैक के साथ इंजन में भी लगा होता है। कवच' प्रणाली में हाई फ्रीक्वेंसी के रेडियो कम्यूनिकेशन का इस्तेमाल किया जाता है। कवच टेक्नोलॉजी ट्रेनों की आपस में भिड़ंत को रोकने का काम करती है।

### 2023 तक पूरा करना था काम

नियमानुसार रेलवे को 2023 तक जोन की पटरियों में यह कवच सिस्टम लगा देना था, लेकिन टेंडर में विलंब होने से अभी तक काम पूरा नहीं हो पाया है। दपूमरे जोन के यात्रियों की किस्मत काफी अच्छी है, इसलिए दो साल में 8 बार यात्री ट्रेनों के पहिए पटरी से उतर गए, लेकिन कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। हर बार रेलवे ने तकनीकी कारण बताकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। पिछले साल शिवनाथ एक्सप्रेस की एक बोगी नागपुर जाने वाली लाइन पर पटरी से उतरी गई थी। 8 महीने पहले इतवारी इंटरसिटी एक्सप्रेस के बफर अलग होने की घटना सामने आई थी।

### कार्य जारी है

इंजनों में कवच लगने का कार्य जारी है। जोन में कवच सिस्टम का परीक्षण सफल रहा है। सभी सेफ्टी पैरामीटर भी सही पाए गए।

- विकास कश्यप
सीपीआरओ, दपूमरे

# रामनवमी पर आज सवा करोड़ हनुमान चालीसा का महापाठ

**खास बातें**

- बूढ़ापारा के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स मैदान पर जुटेंगे हजारों श्रद्धालु, सामूहिक पाठ
- पंडित विजयशंकर मेहता का हनुमान जी के आठ छलांगों पर केन्द्रित व्याख्यान शाम 7 बजे से



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हनुमान पाठ महासमिति द्वारा रामनवमी के मौके पर राजधानी रायपुर सहित देशभर में 17 अप्रैल को सवा करोड़ हनुमान चालीसा महापाठ का आयोजन किया जा रहा है। राजधानी के बूढ़ापारा स्थित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स मैदान पर शाम 7 बजे 15 हजार श्रद्धालु एक साथ जयकारों के साथ हनुमान चालीसा का महापाठ करेंगे। कार्यक्रम के राष्ट्रीय सचिव शिवनारायण मूंदड़ा, मुकेश शाह ने मंगलवार को संयुक्त पत्रकारवार्ता में इसकी जानकारी दी।

पत्रकारों से चर्चा में मुकेश शाह ने बताया, कार्यक्रम स्थल पर शाम 6 बजे से पंडित विजयशंकर मेहता का हनुमान जी के जीवन में की गई 8 छलांगों पर केन्द्रित व्याख्यान होगा। रामनवमी के अवसर पर देश के अनेक शहरों, नगर और कस्बों के सार्वजनिक स्थलों, सामुदायिक व सामाजिक भवनों तथा धार्मिक स्थलों पर एक ही समय में एक ही दिन हनुमान चालीसा महापाठ का आयोजन होगा। पिछले 15 सालों से यह आयोजन किया जा रहा है।

### 4 प्रवेश द्वार, 20 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था

सृजन संस्थान, जीवन प्रबंधन समूह रायपुर और हनुमान महापाठ समिति द्वारा आयोजित सामूहिक हनुमान चालीसा महापाठ के आयोजन में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुये 4 प्रवेश द्वार बनाये जा रहे हैं। प्रत्येक द्वार पर भारतीय परंपरा अनुसार श्रद्धालुओं को तिलक लगाकर प्रसाद दिया जायेगा। कार्यक्रम स्थल पर करीब 15 से 20 हजार श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की जा रही है।

### गांवों में ज्योति जंवारा का विसर्जन, जसगीतों पर झूमते रहे श्रद्धालुजन





**महासमुंद।** चैत्र नवरात्र के आखिरी दिन ग्राम डुमरपाली एवं रानीपरतेवा के शीतला मंदिर व घरों में प्रज्वलित की गई ज्योत ज्वांरा का विसर्जन किया गया। सेवा मंडलियों ने माता की जसगीत की प्रस्तुति दी। जिसमें श्रद्धालु झूमते रहे। इस अवसर पर पूजा अर्चना कर गांव की खुशहाली की कामना करने पहुंचे छत्तीसगढ़ निषाद समाज प्रदेश उपसंगठन सचिव एवं सरपंच नंदकुमार निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। वहीं ग्राम खैराभाठा में पूजा अर्चना के बाद ज्योत ज्वांरा का जसगीत के साथ विसर्जन किया गया। ततपश्चात प्रसाद का वितरण भी किया गया।

# शत-प्रतिशत मतदान के लिए दे रहे हल्दी पीला चावलयुक्त न्योता पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



जिले में लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक एवं सीईओ तथा जिला स्वीप नोडल अधिकारी एस आलोक के मार्गदर्शन में स्वीप कमेटी द्वारा चलाए जा रहे जागरुकता अभियान की कड़ी में जिला स्वीप आइकॉन डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही कम मतदान बूथों में एक नवाचारी कार्यक्रम हल्दी पीला चावलयुक्त नेवता पत्र लेकर पहुंच रहे हैं। वार्ड नंबर 2 शांतिनगर पहुंचकर लोगों को नेवता पत्र दिया तथा कहा कि ये मतदान का न्योता है। पहली बार इस तरह मतदान के लिए हल्दी पीला चावल न्योता पाकर महिलाएं अत्यंत ही प्रसन्न हुई। उन्होंने मतदान जागरूकता के नारे भी लगाए। पश्चात मुख्य अगर पालिका अधिकारी बर्मन द्वारा मतदान शपथ दिलाई गई। बीएलओ कुमारी साहू एवम सहायिका का पूर्ण सहयोग रहा।

# प्याऊ सेवा केन्द्र का शुभारंभ, भंडारा भी लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




रामनवमी पर्व पर राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग के राज्य सचिव कैलाश सोनी के दिशानिर्देश में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला प्रशिक्षण केन्द्र महासमुंद के सामने प्याऊ सेवा केन्द्र का शुभारंभ किया गया। साथ ही आम भंडारा का भी आयोजन किया गया।

इस मौके पर दाऊलाल चन्द्राकर जिला अध्यक्ष, येतराम साहू जिला मुख्य आयुक्त, जय पवार जिला उपाध्यक्ष जिला स्काउट्स एवं गाइड्स संघ, कौशलेंद्र वैष्णव अध्यक्ष स्थानीय संघ, जगदीश लाल साहू व्याख्याता, शिव कुमार चन्द्राकर, भूमिका लूनिया पूर्व राज्यपाल गाइड, कमल लूनिया डीओसी स्काउट, रामकुमार साहू जिला सचिव एवं लता वैष्णव स्थानीय संघ सचिव मौजूद रहे।

विदित हो कि ग्रीष्मकालीन समय में ग्रामीणजन एवं राहगीर बड़े तादाद में प्रतिदिन शहर में आकर स्वच्छ जल के लिए तरस जाते हैं,इस बात को ध्यान में रखते हुए जिला एवं नगर स्काउट्स एवं गाइड्स संघ महासमुंद विगत कई वर्षों से वरिष्ठ स्काउट्स गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स ग्रीष्मकालीन सेवा कार्य के अंतर्गत दो माह प्याऊ सेवा केन्द्र चला कर सेवा करते हैं। इस अवसर पर हिरेन्द्र कुमार साहू, मुरलीधर पटेल, नितिन श्रीवास्तव स्काउट मास्टर की उपस्थिति में भूपेन्द्र साहू, प्रेम पटेल, लुकेश कुमार नामदेव, भूपेन्द्र कुमार साहू, हर्ष सोनकर रोवर्स एवं उर्मिला ध्रुव, हेलन ध्रुव, देवकी वर्मा, आशा साहू, नीरा साहू, लता, ललिता, नंदिनी वर्मा रेंजर्स उपस्थित रहकर राहगीरों को पूड़ी सब्जी परोसकर व स्वच्छ शीतल जल पिला कर सेवा कार्य किए। सभी लोगों ने इस रामनवमी पर्व के पावन अवसर पर स्काउट्स गाइड्स, रोवर्स रेंजर्स के प्याऊ सेवा केन्द्र की व सेवा कार्य को अनुकरणीय व सराहनीय कदम बताया। विदित हो कि जिला स्काउट्स एवं गाइड्स संघ महासमुंद के वार्षिक कार्यक्रम वर्ष 2023-24 में उक्त सेवा सम्मिलित हैं। यह जानकारी रामकुमार साहू जिला सचिव व तुलेन्द्र सागर जिला सहसचिव ने संयुक्त रूप से दी है।

### रामनवमी पर लड्डू बूंदी प्रसादी का किया वितरण




सरायपाली। वन विभाग के सामने स्थित दक्षिण मुखी मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर में रामनवमी पर भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। उपरांत महाआरती की गई। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे। इस अवसर पर लड्डू बूंदी प्रसादी का वितरण किया गया। शास्त्रों के अनुसार माना जाता है कि भगवान विष्णु ने सातवें अवतार में भगवान राम के रूप में तेरतायुग में जन्म लिया था। भगवान राम का जन्म रावण के अत्याचारों को खत्म करने एवं पृथ्वी से दुष्टों को खत्म कर नए धर्म स्थापना के लिए हुआ था। इसलिए भगवान राम के जन्मोत्सव के रूप में रामनवमी का पर्व मनाया जाता है।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत फूड फेस्टिवल का आयोजन कल से

**महासमुंद।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले में विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। ताकि मतदाताओं को शत प्रतिशत एवं अनिवार्य मतदान के संबंध में जागरूक किया जा सके। स्थानीय बीटीआई रोड स्थित चौपाटी में तीन दिन तक फूड फेस्टिवल का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। यहां देशी और अलग-अलग तरह के व्यंजनों का लुत्फ उठाया जा सकता है। इसमें अलग अलग स्टॉल लगाया जा रहा है। इसके अलावा बच्चों के लिए खेल कार्नर, किड्स जोन और मनोरंजन के लिए प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति भी दी जाएगी। जिसका परिवार सहित आनंद उठा सकते हैं। फूड फेस्टिवल 19, 20, 21 अप्रैल को संध्या 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित होगा। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील किया है कि फूड फेस्टिवल में आकर अवश्य देशी और विभिन्न तरह के व्यंजनों के साथ गीत और संगीत का आनंद उठाते हुए मतदाता जागरूकता का संदेश घर-घर तक पहुंचाए।

## कंडरा कोसरिया समाज ने मनाई सुफलभगत की जयंती





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खैरा में 17 अप्रैल को आदिवासी कंडरा कोसरिया समाज ने अपने इष्टदेव सुफलभगत की जयंती मनाई। साथ ही माँ शीतला मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज के बसंत कंडरा, पूषण कंडरा, अरूण कंडरा, बिसरू कंडरा, घनश्याम कंडरा, राजकुमार कंडरा, राजेन्द्र कंडरा उदलराम कंडरा, कृष्ण कुमार कंडरा, छेरकु कंडरा, भुनेश्वर कंडरा, सूरज कंडरा, पुलस्त कंडरा, पुष्कर कंडरा, मिथलेश कंडरा, खिलेश कंडरा, नीलेश कंडरा, गोविंदा कंडरा, भूषण कंडरा, रमेश कंडरा, जितेंद कंडरा, पुनऊ राम कंडरा, राजू कंडरा, संदीप कंडरा, राकेश कंडरा, मुकेश कंडरा, टोमल कंडरा सहित सामजिकजन उपस्थित थे। उक्त जानकारी आदिवासी कंडरा कोसरिया समाज राजिम राज मीडिया प्रभारी लोचन कंडरा ने दी है।

# गंगरेल डेम से शहर को 250 क्यूसेक पानी, पेयजल की नहीं होगी दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गंगरेल डेम से रायपुर शहर को 250 क्यूसेक पानी की आपूर्ति की जा रही है, जबकि सामान्य दिनों में यह मात्रा 200 क्यूसेक तक रहती है। जल विभाग के अधिकारियों के मुताबिक शहर की पेयजल जरूरत के हिसाब से 250 क्यूसेक पानी की आपूर्ति पर्याप्त है। यही नहीं, भाठागांव स्थित एनीकट में 2 इंच ऊपर तक पानी का बहाव बना हुआ है। इसीलिये शहर की पेयजल आपूर्ति में किसी तरह की दिक्कत नहीं आयेगी। नगर निगम के 10 जोन स्थित शहर के 70 वार्डों में 14 लाख आबादी को पेयजल आपूर्ति के लिये जल संसाधन विभाग द्वारा गंगरेल डेम से शहर को वर्तमान में 250 क्यूसेक पानी की आपूर्ति की जा रही है। शहर की नई पुरानी 43 पानी टंकियों के माध्यम से इससे शहर के पेयजल की आपूर्ति हो रही है। फिल्टर प्लांट के प्रभारी अधिकारी नरसिंग फरेन्द्र ने बताया, गंगरेल डेम में शहर के लिये 3.15 टीएमसी पानी सुरक्षित रखा गया है। नगर निगम के जल विभाग ने जल संसाधन विभाग के साथ शहरवासियों के पानी की डिमांड को ध्यान में रखते हुए 15 साल का एग्रीमेंट वर्ष 2015 में किया है। 2030 में इस अनुबंध को आवश्यकता अनुसार 15 साल के लिए बढ़ाया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### उद्योग विभाग से हटाए गए शुक्ला

**रायपुर।** राज्य शासन ने उद्योग विभाग के अपर संचालक प्रवीण शुक्ला को अपर संचालक राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड के पद पर पदस्थ किया है। उनके स्थान पर आलोक त्रिवेदी को अपर संचालक उद्योग का प्रभार दिया गया है। श्री त्रिवेदी को संयुक्त सचिव वाणिज्य एवं उद्योग विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग में एक ही स्थान पर वर्षों से पदस्थ होने की शिकायत पर प्रवीण शुक्ला को वहां से हटाकर निवेश प्रोत्साहन बोर्ड में पदस्थ किया गया है।

### कम्युनिस्ट पार्टी के हरोडे ने नामांकन दाखिल किया



**रायपुर।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र से एसयूसीआई (कम्यूनिस्ट) पार्टी के कॉमरेड विश्वजीत हरोडे ने नामांकन दाखिल किया। कार्यकर्ताओं एवं आम जनता से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा, आज देश की जनता महंगाई और बेरोजगारी जैसी तमाम समस्याओं से ग्रस्त है। मजदूर और किसान भी परेशान हैं। आगामी लोकसभा चुनाव में सर्वहारा वर्ग की एकमात्र क्रांतिकारी पार्टी एसयूसीआई (कम्यूनिस्ट) ने पूरे देश में 151 लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं।

### मनमीर हुए पुरस्कृत




**रायपुर।** रिंगरोड स्थित मॉल में टैलेंट हंट शो का आयोजन किया गया, जहां मनमीर ग्रेवाल को बेस्ट स्माइल एवं बेस्ट मॉडल ऑफ रायपुर का खिताब देकर पुरस्कृत किया गया।

### यूपीएससी में चयनित अनुषा व अभिषेक को कलेक्टर ने घर पहुंचकर दी शुभकामनाएं

**रायपुर ।** कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने अभिषेक डांगे को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा 2024 में चयनित होने पर उनके घर पहुंचकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अभिषेक का यूपीएससी में चयन हुआ है। उन्होंने 452वां रैंक प्राप्त किया है। कलेक्टर ने इस दौरान अभिषेक के माता-पिता को भी पुष्प गुच्छ भेंटकर बधाई दी। कलेक्टर कहा कि अभिषेक की सफलता पर पूरे रायपुर एवं छत्तीसगढ़ को गर्व है। उन्होंने अपनी मेहनत व लगन से यह सफलता प्राप्त की है। उन्होंने नालंदा लाइब्रेरी में घंटों अध्ययन कर यह लक्ष्य हासिल किया है। कलेक्टर ने अनुषा पिल्ले को भी यूपीएससी में चयनित होने पर उनके घर पहुंचकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अनुषा पिल्ले ने 202वीं रैंक हासिल की है। अनुषा सेवानिवृत्त डीजीपी संजय पिल्ले एवं अपर मुख्य सचिव रेणु पिल्ले की सुपुत्री हैं।

# शहर की सफाई का बदलेगा सिस्टम, 3 शहरों के लिए यूनीफाइड सिस्टम का प्रस्ताव बनाकर भेजा

## शासन से मंजूरी मिलते ही एजेंसी तय करने होगा ऑनलाइन टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

इंदौर, मुंबई, दिल्ली, भुवनेश्वर जैसी मेट्रो सिटी की तर्ज पर शहर की सफाई का यूनीफाइड सिस्टम बनेगा। इसके लिए रायपुर नगर निगम ने 3 शहर भिलाई, बिलासपुर और रायपुर को शामिल कर समग्र सफाई का प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन को भेजा है। शासन स्तर पर मंजूरी मिलते ही लोकसभा चुनाव के बाद सफाई कार्य की एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर किया जायेगा। इसमें एक ही एजेंसी को पूरे शहर की सफाई का काम दिया जायेगा। अनुबंधित एजेंसी को ही सफाई के संसाधन उपलब्ध कराने होंगे, जिसमें आधुनिक मशीन से लेकर सेफ्टी सिस्टम सारा कुछ एजेंसी को करना होगा।

### बिलासपुर के 30 फीसदी हिस्से में सफल रहा प्रयोग

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर शहर में 30 फीसदी हिस्से में इस तरह का प्रयोग वहां के नगर निगम द्वारा किया गया है। इसके अच्छे परिणाम सामने आये हैं। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने बताया, शासन स्तर पर यदि इस तरह के प्रस्ताव पर पहल होती है, तो नगर निगम शहर को स्वच्छ रखने यूनीफाइड फार्मूले को 3 शहरों में लागू करने तैयार है। उन्होंने बताया, इंदौर, भुवनेश्वर सहित अन्य मेट्रो सिटी में बाहर की बड़ी एजेंसी से शहर की सफाई कराने में बेहतर परिणाम सामने आये हैं। ऐसे में रायपुर शहर के 70 वार्डों में सफाई का नया सिस्टम लाना चाहते हैं। इससे नगर निगम को दो तरह के फायदे होंगे। पहला ये कि सफाई कर्मचारियों की स्पॉट पर गिनती की झंझट नहीं रहेगी और न ही निष्ठा एप की जरूरत पड़ेगी।




### सफाई बिल में अनियमितता पर लगेगा ब्रेक

सूत्रों के मुताबिक शहर के 70 वार्डों में सफाई के लिए वार्डवार ठेका पद्धति में सफाई बिल को लेकर गड़बड़ी, निर्धारित संख्या से कम संख्या में सफाई कर्मचारी मिलने की शिकायत आये दिन बनी रहती है। औचक निरीक्षण में भी इस तरह की खामियां सामने आती रही हैं। ऐसे में अनुबंधित ठेकेदार पर पेनाल्टी लगाने के अलावा कोई दूसरा विकल्प निगम के पास नहीं रहता। यदि सफाई का कार्य केन्द्रीयकृत कर एजेंसी तय की जाये, तो इसकी मानिटरिंग आसान रहेगी। बाहर की बड़ी एजेंसी सफाई कार्य में आने से निगम को सफाई कार्य में संसाधन कम लगेंगे।

नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्ड में ठेके पर चल रही सफाई व्यवस्था में अब जोनवार सफाई ठेका की जगह बाहर की एजेंसी को पूरे शहर की सफाई का ठेका देने की तैयारी है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने बताया, हमने 3 शहरों में सफाई का यूनीफाइड सिस्टम लाने प्रस्ताव बनाकर शासन के पास भेजा है। शासन से स्वीकृति मिलते ही इसके नये सिरे से सफाई का ऑनलाइन टेंडर किया जायेगा। इसमें अनुबंधित एजेंसी को 70 वार्ड में सफाई कार्य के लिए जिम्मेदारी दी जायेगी। भिलाई, बिलासपुर और रायपुर इन 3 शहरों से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे की अनुमानित मात्रा को ध्यान में रखकर समग्र प्रस्ताव बनाया गया है, ताकि बड़ी एजेंसी आधुनिक संसाधनों के साथ सफाई व्यवस्था को बेहतर बना सके।

## एमआई हेलीकाप्टर से पहुंचाए गए 56 मतदान केंद्रों के 336 कर्मी

# बस्तर के अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों के लिए तीन दिन पहले ही मतदान दल कैंप में पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मतदान दलों को मतदान के तीन दिन पूर्व रवाना कर मतदान केंद्र के समीप बनाए गए कैंप में सुरक्षित पहुंचाया गया। बस्तर लोकसभा के पहुंच विहीन क्षेत्रों में स्थित बीजापुर, सुकमा और नारायणपुर जिले के 56 मतदान केंद्रों में 336 मतदान कर्मियों को हेलीकाप्टर के जरिए पहुंचाया गया।

बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को चुनाव कराने पोलिंग पार्टियां रवाना हो गई हैं। नक्सल क्षेत्र में मतदान कर्मियों को हेलीकॉप्टर से कैंप तक पहुंचाया गया। कोंटा, बीजापुर और नारायणपुर के कुछ क्षेत्रों में तीन दिन पहले मतदान दलों को हेलीकॉप्टर से भेजा गया। वहीं बुधवार को करीब 100 मतदान दलों को भेजा जाएगा। इनमें दंतेवाड़ा, कोंडागांव, कोंटा, नारायणपुर के मतदान केंद्रों के लिए 583 कर्मी शामिल हैं। सुकमा जिले के कोंटा विधानसभा के मतदान केंद्र 196 के मतदाताओं को 18 किमी. पैदल चलकर मतदान केंद्र मुर्लिगुदा में मतदान करना होगा। यहां नक्सलियों द्वारा बारूदी सुरंग लगाए जाने के कारण वाहनों का इंतजाम नहीं किया जा सकता। नक्सली भी नहीं चाहते कि ग्रामीण यहां मतदान करने पहुंचें। ऐसे में सुरक्षा बलों के इंतजाम से ग्रामीण यहां पैदल ही मतदान करने पहुंचने का प्रयास करेंगे।



### बस्तर लोकसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था

बस्तर संभाग के सभी 12 जिले नक्सल प्रभावित जिले माने जाते हैं। चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था टाइट रखने के लिए पूरे क्षेत्र में 1 लाख से ज्यादा जवानों को तैनात किया गया है।

### बस्तर में 19 अप्रैल को मतदान

बस्तर लोकसभा सीट पर कांग्रेस से छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री कवासी लखमा और भाजपा से महेश कश्यप आमने सामने हैं। महेश कश्यप की आदिवासियों के बीच अच्छी पैठ मानी जाती है। कांग्रेस के कवासी लखमा की नक्सल क्षेत्र में आदिवासियों के बीच अच्छी पकड़ है।

### 50 हजार कर्मी कराएंगे मतदान

उन्होंने बताया कि पहले चरण के मतदान के लिए 1961 बूथ बनाए गए हैं। अतिसंवेदनशील क्षेत्र के 250 से ज़्यादा मतदान केंद्रों को शिफ़्ट किया गया है। मतदान के लिए मंगलवार से मतदान कर्मियों को रवाना किया गया है। तीन दिन पहले मतदान कर्मियों को रवाना करने का प्रावधान किया गया है। सुरक्षा कर्मी से लेकर मतदान कर्मी या फिर अन्य कर्मचारी मिलाकर लगभग 50,000 कर्मचारी यहां मतदान कराएंगे।

### *वेबकास्टिंग के जरिए होगी निगरानी*

*बस्तर लोकसभा के 250 मतदान केंद्रों को चुनाव आयोग ने सुरक्षा कारणों से सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया है। बस्तर के 6 जिलों के 156 मतदान केंद्रों तक 1009 मतदान दलों को पहुंचाने चुनाव आयोग ने एमआई हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की है। हेलीकॉप्टरों की लैंडिंग के लिए 44 हेलीपेड बनाए गए हैं। मतदान दलों को दो दिन पहले रवाना किया जाएगा। मतदान के एक दिन बाद ये दल लौटेंगे। इनकी निगरानी के लिए माइक्रो आब्जर्बर नियुक्त किए जाएंगे। वेबकास्टिंग के जरिए भी इन बूथों की मॉनिटरिंग की जाएगी।*

### *दो एयर एंबुलेंस की व्यवस्था*

*अधिकारियों ने बताया कि बस्तर में आपात स्थिति में मतदान कर्मी या जवानों को बेहतर इलाज के लिए शिफ्ट करने दो एयर एंबुलेंस तैयार रहेंगे। इनमें एक हेलीकॉप्टर और एक चार्टर प्लेन शामिल है। दोनों जगदलपुर पहुंच चुके हैं, 21 अप्रैल तक यहीं रहेंगे। हादसे में जख्मी मतदान कर्मी या जवानों को रायपुर से बाहर मेट्रो सिटी में शिफ्ट करना पड़ा, तो उसके लिए एयर एंबुलेंस के रूप में एयरफोर्स का चार्टर प्लेन 24 घंटे अलर्ट मोड में रहेगा।*

# विकास मरकाम बोले- 150 सीटें कांग्रेस को नहीं मिली तो क्या राहुल राजनीति से संन्यास लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के बयान पर पलटवार करते हुए कहा, वे अपनी पार्टी की चिंता करें तो बेहतर होगा। उन्होंने सवाल किया कि क्या कांग्रेस पार्टी इस लोकसभा चुनाव में दहाई के आंकड़े को छू पाएगी। हम चुनौती देते हैं भाजपा को 150 सीटें मिलने की बात करने वाले दीपक बैज पहले यह बताएं क्या कांग्रेस पार्टी 150 सीटें जीत पाएगी। यदि ऐसा नहीं होता है, तो क्या राहुल गांधी राजनीति से संन्यास लेकर इटली चले जाएंगे। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पूरी ग्यारह सीटें नहीं जीत पाई, तो क्या दीपक बैज राजनीति छोड़ देंगे। विधानसभा चुनाव के समय में भी कांग्रेस ने बड़ी बड़ी बातें की थीं, क्या हुआ? छत्तीसगढ़ की सत्ता से जनता ने उखाड़ फेंक दिया।

## कांग्रेस और भूपेश को जनता ने नकारा, पूर्व मुख्यमंत्री का अब अपने भी छोड़ रहे साथ

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, प्रदेश में कांग्रेस की सरकार जाने के बाद जहां कांग्रेस जनता के मन से उतरी है, वहीं भूपेश बघेल भी जनता के साथ-साथ कार्यकर्ताओं और अब परिवार के लोगों के मन से भी उतर गए हैं। उनकी भाभी सीमा बघेल ने भी कांग्रेस छोड़ भाजपा में प्रवेश कर लिया है। श्री श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस द्वारा महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना देने के नाम पर जो फार्म भरवाया जा रहा है, उसे बस्तर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने झूठा बताया है। इससे कांग्रेस का



झूठ सबके सामने आ गया है। श्री श्रीवास्तव ने कहा, भूपेश सरकार के धत्कर्मों और भ्रष्टाचार ने प्रदेशवासियों के मन में गहरा आघात किया है। झूठ-फरेब की राजनीति और वादाखिलाफी के साथ-साथ भ्रष्टाचार व घोटालों के सरताज भूपेश बघेल की सरकार से बुरी तरह त्रस्त जनता ने 75 पार का नारा देने वाली कांग्रेस को प्रदेश की जनता ने 35 सीटों पर ला पटका।

# चौधरी बोले- भाजपा का संकल्प पत्र युवाओं को प्रगति के अवसर देगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र को युवाओं के लिए आशा और विश्वास के नए आलोक में विकास व प्रगति के अवसर देने वाला बताते हुए प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आधारभूत संरचना के क्षेत्र में काफी तेजी से काम हुआ है और इससे देश की युवा प्रतिभाओं को अपना कौशल दिखाने तथा सर्वतोमुखी विकास के पर्याप्त अवसर मिले हैं। श्री चौधरी ने कहा, इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में काम होने से एक ओर जहां निवेश की नई संभावनाएं आकार लेती हैं, उद्योग-कारखानों की स्थापना होती है वहीं निवेश से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। श्री चौधरी ने कहा, भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में युवाओं को फोकस करके यह स्पष्ट कर दिया है कि युवा प्रतिभाओं को अवसर देकर विकसित भारत के संकल्प को 2047 तक साकार करने का विजन लेकर भाजपा काम कर रही है। भाजपा ने प्रतियोगी परीक्षाओं के मद्देनजर युवाओं की समस्या को ध्यान में रखकर यह संकल्प व्यक्त किया है कि पेपर लीक पर लगाम लगाने के लिए कानून लाया जाएगा। भाजपा सरकार ने सरकारी भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता को रोकने के लिए सख्ती करने का निर्णय लिया है।



## शिवरतन बोले- प्रियंका को माता दंतेश्वरी देवी के नाम का सही उच्चारण सीख कर आना चाहिए

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक शिवरतन शर्मा ने कहा, कांकेर के चुनावी दौरे पर आने वाली प्रियंका वाड्रा गांधी को इस बार कम से कम माता दंतेश्वरी देवी के नाम का सही उच्चारण सीख कर आना चाहिए, क्योंकि विदेशों में शिक्षा-दीक्षा लेने और अधिकतर समय वहां बिताने के कारण गांधी परिवार के राहुल गांधी आज तक भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा को नहीं समझ पाए हैं, जबकि उनकी उम्र 50 साल से अधिक हो गई है। श्री शर्मा ने कहा, अभी पिछले दिनों राहुल गांधी ने बस्तर में आयोजित कांग्रेस की सभा में दंतेश्वरी माता के बदले जय दंतेश्वर माया कह डाला था। इससे एक बार फिर साबित हो गया है कि कांग्रेस की चाल और चरित्र दोनों हिंदू और सनातनी नहीं हैं। उन्हें हिंदू धर्म के देवी-देवताओं के नाम का सही उच्चारण करने भी नहीं आता है। माता दंतेश्वरी के नाम का सही उच्चारण नहीं करके राहुल गांधी हंसी के पात्र बने ही, साथ ही उन्होंने बस्तरवासियों का अपमान कर डाला। उनके इस उच्चारण से जनता समझ चुकी है कि पूरा गांधी परिवार सनातनी नहीं है, क्योंकि ये वही गांधी परिवार है, जिन्होंने श्री राम मंदिर के न्योते को ठुकराया था। श्री शर्मा ने कहा कि कम से कम प्रियंका गांधी अपने भाई राहुल के गलत उच्चारण की भूल सुधार कर लेंगी, लेकिन इसमें भी संशय है।



# विकास ने चलाया घर-घर संपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने पश्चिम विधानसभा के भगत सिंह ब्लॉक का दौरा किया। माधव राव सप्रे वार्ड, दीनदयाल उपाध्याय वार्ड, ईश्वरी चरण शुक्ल वार्ड, शहीद भगत सिंह वार्ड, संत रवि दास वार्ड, में जनसंपर्क किया। उन्होंने घर-घर जाकर प्रचार किया। रायपुरा सरोना दीनदयाल के बाजारों में जाकर लोगों से वोट अपील की। बस्तियों में पैदल-पैदल घूम कर कांग्रेस के लिए वोट मांगा। कांग्रेस की गारंटियों और भाजपा सरकार की नाकामियों के कारण बढ़ती महंगाई से भी आम जनता को रूबरू कराया। वार्डों में बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर घर-घर कांग्रेस की गारंटियों को पहुंचाने का आग्रह किया। आम जनता से चर्चा के दौरान लोगों ने कहा, लोकसभा चुनाव में पहली बार हमने देखा कि घर-घर जाकर हर महिला, बुजुर्ग, युवाओं से मुलाकात कर उनका समर्थन मांग रहे हैं। क्षेत्र में पूर्व में किए गए विकास कार्य, सौंदर्यीकरण कार्यों के लिए क्षेत्र की जनता ने उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, जनसंपर्क के माध्यम से रायपुर लोकसभा के 23 लाख लोगों से प्रत्यक्ष रूप से मिलने का लक्ष्य है। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अशोक ठाकुर, पार्षद वीरेंद्र देवांगन, रवि थॉमस, करण शर्मा, शरद अग्रवाल, गौरी शंकर दुबे, मन्नू बाजपेई, बबीता नत्थानी, संगीता दुबे, सोहन शर्मा, प्रगति वाजपेयी, आरती उपाध्याय, डेमेन्द्र यदु, राजेश स्वामी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### महालक्ष्मी योजना से डर गई भाजपा, फैला रही भ्रम

**रायपुर।** कांग्रेस की महालक्ष्मी योजना के बारे में भाजपा भ्रम फैला रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, नारी न्याय के फार्म के बारे में महालक्ष्मी योजना के बारे में भाजपा की झूठी बयानबाजी बता रही है कि इस फार्म के कारण भाजपा डर गयी है। यह महिलाओं को उनका अधिकार देने के लिये किये जाने वाला वादा है।

# गंगरेल डेम से शहर को 250 क्यूसेक पानी, पेयजल की नहीं होगी दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

गंगरेल डेम से रायपुर शहर को 250 क्यूसेक पानी की आपूर्ति की जा रही है, जबकि सामान्य दिनों में यह मात्रा 200 क्यूसेक तक रहती है। जल विभाग के अधिकारियों के मुताबिक शहर की पेयजल जरूरत के हिसाब से 250 क्यूसेक पानी की आपूर्ति पर्याप्त है। यही नहीं, भाठागांव स्थित एनीकट में 2 इंच ऊपर तक पानी का बहाव बना हुआ है। इसीलिये शहर की पेयजल आपूर्ति में किसी तरह की दिक्कत नहीं आयेगी।

नगर निगम के 10 जोन स्थित शहर के 70 वार्डों में 14 लाख आबादी को पेयजल आपूर्ति के लिये जल संसाधन विभाग द्वारा गंगरेल डेम से शहर को वर्तमान में 250 क्यूसेक पानी की आपूर्ति की जा रही है। शहर की नई पुरानी 43 पानी टंकियों के माध्यम से इससे शहर के पेयजल की आपूर्ति हो रही है। फिल्टर प्लांट के प्रभारी अधिकारी नरसिंग फरेन्द्र ने बताया, गंगरेल डेम में शहर के लिये 3.15 टीएमसी पानी सुरक्षित रखा गया है। नगर निगम के जल विभाग ने जल संसाधन विभाग के साथ शहरवासियों के पानी की डिमांड को ध्यान में रखते हुए 15 साल का एग्रीमेंट वर्ष 2015 में किया है। 2030 में इस अनुबंध को आवश्यकता अनुसार 15 साल के लिए बढ़ाया जा सकता है। शहर के विस्तार और भविष्य में पानी की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने शासन को पत्र लिखा है कि गंगरेल डेम से शहर के रिजर्व रॉ वाटर की मात्रा बढ़ाकर 4 टीएमसी की जाये।



एनीकट से 2 इंच ऊपर बह रहा पानी

### 4 नई पानी टंकियों से बढ़ी पानी की डिमांड

राजधानी में 4 नई पानी टंकियों से पेयजल आपूर्ति से इन टंकियों से पानी की डिमांड बढ़ गई है। नगर निगम जोन 8 के माधवराव सप्रे वार्ड स्थित रायपुरा की नई पानी टंकी से आउटर के वार्डों में पानी आपूर्ति की जा रही है। गर्मी से पहले इस पानी टंकी को 5 मीटर तक भरा जा रहा था, पर अब इसे 6 मीटर क्षमता तक भरा जा रहा है। भारतमाता चौक रामनगर की नई टंकी सामान्य दिनों में रोजाना 5 मीटर भरी जाती थी, गर्मी शुरू होने पर 6.5 मीटर पानी औसतन भरा जा रहा है। इसी तरह नगर निगम जोन 1 क्षेत्र की भनपुरी की नई पानी टंकी शुरू होने से इससे लगे 3 वार्डों में पानी की आपूर्ति की जा रही है। संत रविदास वार्ड के सरोना स्थित पानी टंकी को पर्याप्त क्षमता के साथ जल विभाग ने भरने का काम शुरू कर दिया है।

# रामलीला के नन्हें कलाकारों ने हनुमान चालीसा का 100वां पाठ किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

शहर की 105 वर्ष प्राचीन आदर्श रामलीला नाटक मंडली के नन्हें कलाकारों द्वारा अपने धर्म और संस्कृति से जुड़ते हुए ऐतिहासिक रूप से आदर्श रामलीला हनुमान चालीसा पाठ समिति का निर्माण कर प्रत्येक शनिवार और मंगलवार को हनुमान चालीसा का 11 पाठ बच्चों द्वारा किया जा रहा था। इसका आरंभ पिछले वर्ष 6 मई से हुआ था। समिति ने 16 अप्रैल मंगलवार को 100वां पाठ पूर्ण किया।

इसके उपलक्ष्य में रामलीला कार्यालय में पंचमुखी सुंदरकांड पाठ समिति द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। 100 वां हनुमान चालीसा पाठ एवं सुंदरकांड पाठ में भाटापारा नगर के युवा, वरिष्ठ एवं सभी वर्ग के लोग उपस्थित हुए। उपस्थितजनों और वरिष्ठजनों की ओर से देवेंद्र बाबू भृगु ने नन्हें बच्चों को देखकर आश्चर्य माना कि जिनको अपने स्कूल की हिंदी किताबों को पढ़ने में असुविधा होती है। वें 8-9 वर्ष के उम्र के बच्चे रामलीला के कार्यालय में हनुमान चालीसा का फर्राटे से पाठ कर रहे हैं। वहीं इतने लंबे समय तय कर हनुमान चालीसा का 100 पाठ तक छोटे बच्चे जो भाटापारा के इस ऐतिहासिक रामलीला के कलाकार भी है उन्होंने सम्पन्न किया। सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें नित्य इसी तरह भगवान के कार्य में लगे रहने की प्रेरणा दी। उपस्थित सभी लोगों से इन नन्हें बच्चों से प्रेरणा लेकर अपने आसपास एवं परिवारजनों के बच्चों में जागरूकता फैलाते हुये अपने समाज, धर्म, संस्कृति से जुड़कर अपने रामायण, मानस, पुराण में मर्यादा को सुशोभित करने वाले चरित्रों को सार्थक करने एवं परिचित होने व करने की बात कही। उपस्थितजनों ने आदर्श रामलीला हनुमान चालीसा पाठ समिति के नन्हें व बड़े सदस्य श्याम मल, लव शर्मा, काव्यांश शर्मा, जय मल, निलेश मल, अभी अग्रवाल, अक्षत जोशी, आदित्य जोशी, धर्मपाल सोनी, आदित्य सोनी, नमन मल, कार्तिकेय पांडे, वैभव तिवारी, प्रहस्त सिंह सेंगर, लक्ष्य चौरसिया, आयुष तिवारी, शौर्य मिश्रा, सुयश शर्मा, मुकुल शर्मा, अभिनव मिश्रा, राघव नथानी, सुयश नथानी, केशव लाहोटी, सागर जयसवाल, हर्ष गुप्ता, अग्रंश शर्मा, अद्यांश मिश्रा(मंगल) सभी को बधाई देते हुए उनके कार्यों को सराहा। कार्यक्रम में आदर्श रामलीला समिति के बाबू शुक्ला, हेमंत मल, बजरंग चौरसिया, शिव गुप्ता, पूर्णेन्दु त्रिवेदी, प्रकाश शर्मा, देवनारायण शर्मा, रामजी जोशी, मोनू मल, कोमल शर्मा भी उपस्थित रहे। रामलीला के सचिव कोमल शर्मा द्वारा बताया गया कि पढ़ने वाले बच्चों में अपने पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से इस वर्ष परीक्षा परिणामों में कुछ प्रतिभाशाली कलाकार छात्रों को नगद पुरुस्कार राशि से पुरुस्कृत एवं सम्मानित किसी गुप्त रामभक्त द्वारा किया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### पुत्री परिणय संस्कार : तीन कन्याओं को संयंत्र ने प्रदान किया 25 हजार का उपहार

**बलौदाबाजार।** श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट खपराडीह द्वारा संयंत्र के आस–पास ग्रामों में निवासरत बीपीएल परिवार की कन्याओं के लिए पुत्री परिणय संस्कारोत्सव के तहत 17 अप्रेल को तीन कन्याओं को 25 हजार का घरेलु सामान उपहार देकर विदा किया। विदित हो कि संयंत्र द्वारा विगत 6 वर्षों से विवाह होने वाली कन्याओं को घरेलु सामान उपहार स्वरूप दिया जा रहा है। योजना के तहत मानव संसाधन विभाग के महाप्रबंधक अनिल कुमार पाठक ने ग्राम भरूवाडीह की दामिनी पिता शत्रुहन लाल साहू, ग्राम सेम्हराडीह की फुलेश्वरी पिता खिलावन साहू और ग्राम खपराडीह की धनेश्वरी पिता मेहीलाल धृतलहरे को पुत्री परिणय संस्कारोत्सव के तहत पंचायत के संरपचों व उनके माता–पिता की उपसिथ्ति में घरेलु सामान शुभकामनाओं सहित प्रदान किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत भरूवाडीह के सरपंच आनंद बंदे और सेम्हराडीह के सरपंच प्रतिनिधि चेतन वर्मा ने कहा कि श्री सीमेंट संयंत्र प्रबंधन द्वारा पुत्री परिणय संस्कारोत्सव के तहत विशेष कर गरीब वर्ग के ग्रामीणों के लिए एक सराहणीय पहल है। इस कार्यक्रम में सीएसआर विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक अशोक वर्मा व विरेन्द्र बघेल शामिल हुए।

### बागबाहरा स्टेशन के एकमात्र शौचालय में लटक रहा ताला यात्रियों को परेशानी



**महासमुंद।** बागबाहरा रेलवे स्टेशन में मौजूद एकमात्र शौचालय में इन दिनों ताला लटका रहता है। इसके चलते जरूरतमंद खासकर महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। वहीं, मुख्य मार्ग पर कहीं पर भी यूनिरल नहीं होने के कारण बस, ट्रेन यात्री सहित दुकानों में कार्य करने वाली युवतियां भी यहां निवृत्त होने आते हैं। इससे रेलवे को किसी प्रकार की परेशानी नहीं बल्कि, परेशानी नशाखोरी करने वाले युवाओं से है, जो गंदगी फैला देते हैं। रायपुर से टिटलागढ़ का रेलवे पटरी का दोहरीकरण होने के बाद स्टेशनों का भी जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। इस कड़ी बागबाहरा स्टेशन में भी बाउंड्रीवॉल सहित नए पेयजल प्लेटफार्म और यूरिन एवं शौचालय का निर्माण किया जा रहा है। लेकिन, प्लेटफार्म एक पर बने एकमात्र शौचालय में इन दिनों ताला लटक रहा है। इससे सबसे ज्यादा परेशानी दूरदराज से आने वाले महिला यात्रियों को हो रही है। उन्हें ट्रेन के इंतजार में घंटों स्टेशन में बिताने पड़ते हैं। इस दौरान यदि लघु शंका से भी निवृत्त होना हो, तो बहुत परेशानी और शर्मिंदगी से गुजरना पड़ रहा है। इस संबंध में स्टेशन अधीक्षक श्री सिरमौर ने बताया कि रात को कुछ असामाजिक तत्व एवं नशाखोरों द्वारा बीते दिनों शौचालय में इतनी अधिक गंदगी कर दी गई कि सफाई कर्मी शौचालय की सफाई करने से इंकार कर दिए। चूंकि, फिलहाल नियमित स्वीपर नहीं है। इसलिए, इस पर ताला लगा दिया गया है। वैसे यात्रियों द्वारा चाबी मांगने पर उपलब्ध कराया जाता है। वहीं, स्थानीय पुलिस और आरपीएफ को असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने की मांग की गई है।

### ढाबा में हुई मारपीट की निष्पक्ष जांच की मांग

**महासमुंद।** पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा के नदी मोड़ स्थित केसरिया ढाबा में हुई मारपीट का निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने शराब, गुटखा एवं नशे के व्यापार का दादागिरी के साथ वर्षों से पुलिस प्रशासन की शह पर करते हुए आ रहे माफिया को किसी प्रकार का संरक्षण दिया गया तो ऐसे पुलिस वालों की शिकायत शासन स्तर पर कर उन पर कार्यवाही की मांग की जाएगी। इस प्रकरण में कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष द्वारा प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा का नाम शामिल करना किसी बड़े षड्यंत्र की ओर इशारा करता है। संभावना है कि यह सब विजय शर्मा के प्रतिद्वंदी एवं अपने आका मोहम्मद अकबर के इशारे पर गृह मंत्री का नाम ले रहे हैं।

## पर्व : जसगीत के साथ नवमी पर जगह-जगह जोत-जंवारा का विसर्जन

# शक्ति की भक्ति में लीन हुईं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

चैत्र नवरात्रि के नौवें दिन एवं रामनवमी पर 17 अप्रैल को मुंडा, कोरदा, बरदा, मल्लींन, जुड़ा, कोहरौद सहित गांव–गांव में प्रज्ज्वलित घरों व महामाया मंदिरों में विराजित जोत जंवारा का पूजा पाठ के बाद विर्सजन किया गया। सेवा जसगीत की धुन पर नाचते–गाते मांदर की थाप पर झूमते भक्तों ने श्रद्धा के साथ जोत जंवारा का विसर्जन किया। इस दौरान सड़कों पर भक्ति का उल्लास छाया रहा। खुले पैर महिलाएं सिर पर कलश धारण माता की भक्ति में लीन दिखी। तेज धूप से बचने सेवादार सड़कों पर पानी का छिड़काव करते चल रहे थे। गांवों के तालाबों में पूरी आस्था व श्रद्धा के साथ जोत-जंवारा का विसर्जन किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में गांव के श्रद्धालु मौजूद थे।

■ जसगीत व मांदर की थाप पर जोत जंवारा का विसर्जन

नौ दिनों तक मां देवी की उपासना के बाद आज जोत जंवारा विसर्जन की शोभायात्रा गांव–गांव में धूमधाम से निकाली गई। गांव के महामाया मंदिर एवं कई भक्तों द्वारा अपने घरों पर जोत प्रज्वलित किए गए थे, जिसे जस गीत सेवा के माध्यम से स्थानीय तालाबों में विसर्जन किया गया।

चैत्र नवरात्रि का यह पर्व हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी उत्साह के साथ मनाया गया। नवरात्रि की नवमी के दिन भक्तों का उत्साह नजर आया। ज्योति कलश और जंवारे का विसर्जन किया गया। इस मौके पर गांव में जमकर उत्साह देखने को मिला। गांव में बड़े ही धूमधाम के साथ ज्योति कलश और जंवारे का विसर्जन करने श्रद्धालुओं ने जुलूस निकला। इस दौरान श्रद्धालुओं का बड़ी संख्या में हुजूम उमड़ पड़ा। गांव की महिलाएं माता के अंतिम



### झलका सामाजिक सौहार्द का भाव




**खरोरा।** रामनवमी पर नगर के राम राज्य परिवार के तत्वावधान में संध्या 5 बजे विशाल व आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा पुराने थाना के पास पहुंचने पर वार्ड 10 के पार्षद भाई जुबेर अली के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के युवाओं द्वारा शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर तथा आतिशबाजी के साथ शानदार व आत्मीय स्वागत किया गया।

साथ ही शोभायात्रा में सम्मिलित राम भक्तों को शीतल पेयजल व शरबत का वितरण किया गया। इस अवसर पर मेराज खान, रजा खान, रशीद खान, फैजान अली, रौनक खान, शकैब खान, एजाज खान, नूर खान, शिफान अली, बाबू खान, सलीम खान जैद खान।

### ज्योत जंवारा का विसर्जन



मुंडा। ग्राम पंचायत में चैत्र नवरात्रि पर भागवत साहू, ईगम वर्मा, दीलिप फेकर के यहां जवारा ज्योति कलश स्थापित किया गया, जिसमें सुबह शाम माता रानी की आरती व संध्या के समय सेवा समिति की अलग–अलग टोली ने जस गीत के साथ सेवा की। अष्टमी पर हवन किया गया और नवमी तिथि में जंवारा का विसर्जन मंदार, झांज की थाप पर नाचते गाते जस गीत गाते नया तालाब में विसर्जित किया गया। इस दौरान भोग भंडारा का आयोजन भी किया गया।

### बाना लिए जंवारा की शोभायात्रा में शामिल हुए भक्त



**खरोरा।** अंचल के गांवों में चैत्र नवरात्रि पर अष्टमी हवन पूजन के बाद गांव–गांव में जंवारों के विसर्जन के लिए बुधवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। देवी मंदिरों और घरों से निकाले गए विसर्जन शोभायात्रा में शामिल होने बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ भी उमड़ी रही। महिलाएं, युवतियां व बालिकाएं अपने सिर पर जंवारे के खप्पर रखकर चल रही थीं, जो देवी मंदिरों और घरों से निकलकर गांव भ्रमण के बाद स्थानीय तालाब में विसर्जित करने पहुंची। जहां पूजा–अर्चना के बाद जंवारों का विसर्जन किया गया। नौ दिनों तक मां की आराधना में लीन भक्तों ने विधि–विधान से मां का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लेकर व्रत का समापन भी किया। आसपास के सभी देवी मंदिरों सहित घरों में कन्याभोज का आयोजन भी किया गया। शोभायात्रा में एक ओर महिलाएं अपने सिर पर जंवारा लेकर चल रही थी, तो वहीं दूसरी ओर भक्तगण जसगीत गाते चल रहे थे। नौ दिन तक माता की सेवा में लगे भक्तों ने धूमधाम से पारंपरिक बाजे–गाजे के साथ नम आंखों से माता को विदाई दी। जस सेवा गीत गाते सेवा मंडली के साथ भक्त बाना लिए जंवारा की शोभा यात्रा निकालकर जंवारा और पाठपीड़ा को स्थानीय तालाब में विसर्जित किया। यात्रा में बाना लिए थिरकते कदम से भक्त चल रहे थे। जसगीत और मांदर की थाप के साथ ही जहां कुछ महिलाएं देवी चढ़ने पर झूपते हुए चल रहे थीं, तो वहीं शोभायात्रा में शामिल सैकड़ों श्रद्धालु भक्ति गीत पर नाचते–गाते विसर्जन के लिए पहुंचे। चैत्र नवरात्रि पर पूरे नौ दिनों तक देवी मंदिरों में आस्था की मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई थी। साथ ही सुबह से देर रात तक मंदिर परिसर जसगीतों से गुंजायमान होता रहा।

### गांवों में ज्योत जंवारा का विसर्जन

**भवानीपुर।** भवानीपुर, खपरी सहित विभिन्न गांवों में चैत्र नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। ग्राम हरिभट्ठा, मलपुरी, गिधपुरी, मोहान, रीवाडीह, बम्हनी, चरौदा, साहड्डा, तमोरी, कुची में माता सेवा जस गीत करते हुऐ जोत जंवारा विसर्जन करने के लिए निकले, जहां जगह–जगह पूजा अर्चना करते स्वागत किया गया और गांव एवं परिवार के लिए खुशहाली मांगी। चौक-चौराहों में विराजमान देवी-देवताओं की पूजा करते हुऐ श्रद्धालु बड़ी संख्या में नजर आऐ। कलश यात्रा में गांव के वरिष्ठजन सहित ग्रामीण बढ़ चढ़कर भाग लिए। ग्राम भवानीपुर में 12 स्थानों पर, खपरी 5 स्थानों मां का जंवारा बोया गया था। जिसमें परिवारजनों ने विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना करने के पश्चात तालाब में विसर्जन किया। इसमें श्रद्धालु जस गीत गाते हुए मांदर के थाप पर थिरकते नजर आऐ, जो आकर्षण का केंद्र बना रहा। गांव के बैगा भी विशेष श्रृंगार करते हुए नाचते गाते माता सेवा करते ज्योत जंवारा का विसर्जन किए। इस अवसर पर दुखू निषाद, चमन ध्रुव, पुसऊ निषाद, शत्रुहन साहू, दौवाराम, सिया निषाद, गौराम प्रसाद निषाद, मुकेश झा, सोनु राम साहू, द्वारका साहू, भागी कनौजे, बलराम निषाद, रायसिंह ध्रुव, दूजराम, त्रिलोचन, मंतराम, मोती लाल, राजकुमार, किशन ध्रुव, पुनीत देवांगन, उत्तम साहू, पंकज साहू, श्यामलाल ध्रुव, झब्बू ध्रुव, संतोष ध्रुव, चरण निषाद, संतोष साहू, हेमंत साहू, गोवर्धन निषाद सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।



### हवन–पूजन के साथ चैत्र नवरात्रि की पूर्णाहुति



**हिरमी-रावन।** चैत्र नवरात्रि की नवमीं तिथि पर बुधवार को देवी भक्तों ने हवन–पूजन कर नौ दिन तक चले अनुष्ठान की पूर्णाहुति की। मां सिद्धिदात्री से सुख, समृद्धि की कामना की। मंदिरों तथा घरों में हवन–पूजन का क्रम सुबह से देर रात तक चलता रहा। गायत्री प्रज्ञा पीठ हिरमी में नवमी के दिन गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति की गई। इस दौरान लोगों ने महायज्ञ में आहुति डाली। परिव्राजक श्याम सुंदर ने लोगों को राम के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। कुंडों में अग्नि प्रज्ज्वलित कराकर 24 बार गायत्री महामंत्र, 5 बार महामृत्युंजय महामंत्र, 3 बार सूर्य गायत्री महामंत्र एवं 3 बार महाकाल मंत्र से तीन पालियों में आहुति अग्निहोत कराया। सभी के मंगलमय जीवन की कामना की गयी। सुबह से ही हिरमी और आसपास के दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने देवी मां का पूजन–अर्चन कर मंगलकामना की। मां दुर्गा के जयकारे तथा घंटा–घड़ियाल व शंख ध्वनि के बीच सुबह से ही माहौल भक्तिमय बना रहा। महामाया, शीतला माता मंदिर, गायत्री मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। महिला श्रद्धालुओं ने हवन पूजन कर मंदिर परिसर में ही प्रसाद बनाकर मां को अर्पित किया तथा कन्याओं को भोजन कराया। जिन घरों में कलश स्थापित किया गया था, वहां विधिवत पूजन–अर्चन कर हवन किया गया। गायत्री मंदिर में सामूहिक हवन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष शामिल हुए।

### गायत्री मंदिर में कलेक्टर ने पत्नी के साथ की पूजा-अर्चना



**भटगांव।** नवरात्रि की अष्टमी की संध्या पर गायत्री मंदिर सारंगढ़ में कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू पत्नी के साथ पहुंचकर मां गायत्री की पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर के सादगी पूर्ण वातावरण में महिला समूह द्वारा कलेक्टर साहू को माता की चुनरी भेंट की गई। इस दौरान स्थानीय श्रद्धालु जन आरती, भजन कीर्तन में शामिल हुए। पूजा-अर्चना कार्यक्रम के बीच कलेक्टर साहू ने स्थानीय नागरिकों का अभिवादन स्वीकार किया।

## 24 अप्रैल तक मतदाता सूचना पर्ची बांटने का कार्य पूर्ण हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां



■ एआरओ वासु जैन ने बरमकेला में बीएलओ की ली बैठक

सहायक रिटर्निंग ऑफिसर वासु जैन ने जनपद पंचायत बरमकेला के सभाकक्ष में बूथ लेवल अधिकारी की बैठक ली। बैठक में सभी बीएलओ को मतदाता पर्ची एवं वोटर कार्ड का वितरण किया। एआरओ श्री जैन ने कहा मतदाता सूचना पर्ची का 24 अप्रैल तक हर हाल में वितरण पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओ को जानकारी दी कि इस बार मतदान दस फीसदी तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए मतदाता पर्चियां को डोर टू डोर पहुंचने के साथ मतदाताओं को मतदान के लिए अभियान चला कर जागरूक किया जाए।

सहायक रिटर्निंग ऑफिसर श्री जैन ने अपील की है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग करें और लोकतंत्र के महत्वपूर्ण मतदान को गंभीरता से विचार करके 7 मई को वोट करने अवश्य जाएं। इस अवसर पर तहसीलदार कोमल साहू, शनि पैकरा उपस्थित थे।

## वार्षिक अधिवेशन में एकजुट हुआ पटेल मरार समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



■ ज्योतिबा फूले जयंती मनाई और सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक पर की चर्चा

मरार (पटेल) समाज सिरपुर महासमिति के तत्वावधान में पिछले दिनों जिले के शिवनाथ और महानदी संगम में स्थित चंगोरीपुरी धाम (लवन) आश्रम में महान समाज सुधारक ज्योति महात्मा ज्योतिबा फुले की 194वीं जयंती मनाई। इस अवसर पर मरार समाज सिरपुर महासमिति के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम का प्रारंभ शांकभरी माता एवं ज्योतिबा फुले के छायाचित्र पर चंदन गुलाल लगाकर की गई। इस अवसर पर सामाजिक नियमावली कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें पटेल (मरार) समाज को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक रूप से प्रभावी बनाने के उद्धेश्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। समाज में व्यापत कुरीतियों, आडंबरों तथा नकारात्मक रीतियों को खत्म करने एवं किसी भी स्थिति में ऐसी बातो का प्रोत्साहन नहीं करने का संकल्प लिया, ताकि समाज देश–दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सके।

मीडिया प्रभारी चंद्रविकास पटेल ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता द्वय शोभाराम पटेल अध्यक्ष सिरपुर महासमिति एवं बीआर पटेल प्रदेशाध्यक्ष मरार महासंघ द्वारा की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सिरपुर महासमिति के महासचिव खेमराज पटेल, संचालक मनोज पटेल, सिरियाडी परिक्षेत्र अध्यक्ष चंदराम पटेल, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष पतिराम पटेल एवं सभी परिक्षेत्र से सामाजिक अध्यक्ष एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

## महिला सोनी समाज ने शीतला मंदिर में की सुहागली पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला महिला सोनी समाज की महिलाओं ने स्थानीय शीतला माता मंदिर में सुहागली माता की पूजा की। चैत्र नवरात्रि पर आयोजित इस सुहागली कार्यक्रम में सोनी समाज की महिलाओं ने मनोकामना की सिद्धि के लिए शीतला माता की विधि विधान से पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर समाज की सभी महिलाओं ने एक-दूसरे को सुहाग का सामान व गुड़, चना, मिठाई वितरण किया। समाज की महिलाओं द्वारा देवी माता को प्रसन्न करने जस गीत एवं भजन गाया। कार्यक्रम के दौरान समाज की महिलाएं अत्याधिक खुश और उत्साहित देखी गई। समाज महिला पदाधिकारियों ने प्रत्येक वर्ष इस तरह के कार्यक्रम आयोजन किए जाने की बात कही। इस अवसर पर सोनी समाज की महिलाएं आरती सर्राफ, लता सोनी, सरस्वती सोनी, रुक्मणी सोनी, शारदा सोनी, साधना सोनी, शैली सर्राफ, बबीता सोनी, प्रीति सर्राफ, रंजना सर्राफ, पूनम सर्राफ, विंध्याचल सर्राफ, स्मिता सोनी, मंजू सोनी, नेहा सोनी, साधना कैलाश सोनी, गीता सोनी, छाया सोनी, सुमन सोनी, पूजा सर्राफ, नम्रता सर्राफ, वेदिका सर्राफ, स्वाति सोनी, प्रियंका सोनी तथा अन्य बहुत सी महिलाएं उपस्थित रहीं।

## देवी मंदिरों में स्थापित ज्योत जंवारा का विसर्जन हुआ

# रामनवमी पर शहर में निकाली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

चैत्र नवरात्रि की अष्टमी पर हवन के पश्चात नौवे दिन सुभाष वार्ड व धुरंधर वार्ड स्थित दुर्गा मंदिर में स्थापित ज्योत का विसर्जन जसगीत के साथ किया गया। ज्योत को कुवांरी कन्याएं ग्रहण की हुई थी। विसर्जन के दौरान जगह-जगह श्रध्दालुओं द्वारा माता के दिव्य ज्योत जंवारा की पूजा अर्चना की गई। वहीं श्रद्धालुओं द्वारा भीषण गर्मी के तपिश से राहत के लिए माता के मार्ग से निकलने वाले सड़क मार्ग पर पानी का छिड़काव भी किया गया, जिससे गर्मी के तपिश से राहत मिल सके। हथनीपारा शीतला मंदिर, माता देवालय, मंदिर नकक्खी, बाबा मंदिर, नयापारा शीतला मंदिर आदि मंदिरों मे स्थापित माता का ज्योत जंवारा विसर्जन किया गया। साथ ही रामनवमीं के विशेष अवसर पर सनातनी धर्म सेना द्वारा शोभा यात्रा का भी आयोजन किया, जो की सती मंदिर से आरंभ होकर छत्तीसगढ़ महत्तारी चौक में सम्पन्न हुई। उक्त आयोजन में भारी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक व श्रध्दालुगण शामिल हुए।

### भीम आर्मी ने निकाली आंबेडकर की शोभायात्रा

**महासमुंद।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन महासमुंद के तत्वाधान में संविधान निर्माता व भारतरत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शहर के नयापारा से प्रारंभ होकर एकता चौक होते हुए बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर चौक पहुंची। जहां भारतीय संविधान के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही बाबा साहेब के जीवन के बारे में लोगों को जानकारी दी। इस अवसर पर भीम आर्मी जिला प्रभारी आकाश डोंगरे, गरियाबंद जिला अध्यक्ष रावण सिंह लहरे, भीम आर्मी उपाध्यक्ष सुशील बघेल, जिला महासचिव डोमार सिंग बंजारे, जिला महासचिव द्वारिका कुर्रे, जिला कार्यकारणी गोपाल लहरिया, स्टूडेंट जिला अध्यक्ष विकास जांगड़े, बसना ब्लॉक अध्यक्ष राजराहुल लहरे, महासमुंद ब्लॉक अध्यक्ष आकाश बांधे, भागवत कोसरिया, राधिका जांगड़े, तनु कोसरिया समेत बड़ी संख्या में भीम आर्मी भारत एकता मिशन के सदस्य उपस्थित रहे।

